प्रसार भारती

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 02.09.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज रायपुर में एम्स के तीसरे दीक्षांत समारोह में हुए शामिल–कहा कि छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, भय और अभाव से निकलकर शांति, प्रगति और संभावनाओं की नई राह पर आगे बढ़ रहा है।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिर से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, सोने की अनावश्यक खरीद और विदेश में विवाह आयोजन से बचने का आह्वान किया

- शिक्षक दिवस पर प्रदेश के चौंसठ षिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान और चार शिक्षकों को अलग–अलग साहित्यकारों के नाम पर दिए जाने वाले स्मृति पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित।
- राजनांदगांव जिले में स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत।

उपराष्ट्रपति–दीक्षांत समारोह

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, भय और अभाव से निकलकर शांति, प्रगति और संभावनाओं की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। वे आज रायपुर में एम्स के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में अब सड़क, स्कूल, अस्पताल, कनेक्टिविटी और निवेश पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब प्रत्येक राज्य, जिला और गांव का संतुलित विकास हो।

उपराष्ट्रपति ने एम्स रायपुर की उन्नत चिकित्सा सेवाओं और किडनी, कॉर्नियल तथा कान प्रत्यारोपण जैसी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने दीक्षांत समारोह में स्नातक छात्रों से स्वास्थ्य, शोध और सेवा के क्षेत्र में पूरी निष्ठा से योगदान देने का आह्वान किया।

समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के छह सौ नवासी विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं और मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए 'से नो टू ड्रग्स' की शपथ दिलाई गई।

समारोह में राज्यपाल रमेन डेका, केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री–अपील

प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, सोने की अनावश्यक खरीद और विदेशों में शादी–ब्याह समारोह आयोजित करने से बचने का आह्वान किया है। एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि देश के युवा आज जो कड़ी मेहनत कर रहे हैं, उससे उनके सपने साकार होंगे।

स्वदेशी का मंत्र वोकल फोर लोकल विदेशों की यात्राएं अगर घूमने–फिरने जाते हैं तो नहीं करना चाहिए। शादी–ब्याह अगर विदेशों में करते हैं नहीं करना चाहिए। मेड इन इंडिया के मंत्र को जीना चाहिए और जरूरत ना हो तो सोना भी नहीं खरीदना चाहिए। हम जितना ज्यादा स्वदेशी पर बल देंगे, जितना आत्मनिर्भर पर बल देंगे। मुझे पक्का विश्वास है जब आजादी के सौ साल होंगे। हम हमारी युवा पीढ़ी को विकसित भारत सुपुर्द करेंगे।

राष्ट्रीय पोषण माह

महिला और बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में नौवां राष्ट्रीय पोषण माह नौ सितंबर से आयोजित किया जाएगा। मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण टू प्वॉइंट जीरो के अंतर्गत आयोजित इस अभियान की थीम इस वर्ष 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' रखी गई है। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं, पोषण मेलों के माध्यम से मिलेट्स, मौसमी फल–सब्जियों, दालों, दुग्ध उत्पादों, मेवों और विभिन्न प्रकार के बीजों जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों की उपयोगिता बताई जाएगी। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों में तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले गर्म पके भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और विविधता की विशेष निगरानी की जाएगी। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र गर्भवती और धात्री महिला को योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।
इस बीच, राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन को लेकर आज रायपुर में महिला और बाल विकास विभाग संचालनालय में अंतरविभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण माह के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा, विभागीय समन्वय और मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की।

शिक्षक–सम्मान

षिक्षक दिवस पर पांच सितंबर को प्रदेष के तैंतीस जिलों के चौंसठ षिक्षकों को राज्य षिक्षक सम्मान और चार षिक्षकों को अलग–अलग साहित्यकारों के नाम पर दिए जाने वाले स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। लोक षिक्षण संचालनालय ने चयनित षिक्षकों की सूची जारी कर दी है। सम्मान समारोह रायपुर स्थित लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडप में आयोजित किया जाएगा। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्कूल षिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव उपस्थित रहेंगे।

शिवराज चौहान–समीक्षा

केंद्रीय कृषि मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की समीक्षा की। बैठक में चिन्हित सौ जिलों में योजना में तेजी लाने, योजनाओं के बीच समन्वय को मजबूत करने और किसानों के लिए जिला स्तरीय प्रदर्षन में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह योजना छह प्रमुख उद्देष्यों पर केंद्रित है, कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, फसल कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई अवसंरचना में सुधार करना, अल्पकालिक और दीर्घकालिक कृषि ऋण तक अधिक पहुंच को सक्षम बनाना और शासन तथा सेवा वितरण में सुधार करना शामिल है।

आरटीई–आवेदन

शिक्षा के अधिकार अधिनियम–आरटीई के तहत प्रदेश के निजी स्कूलों में सत्र दो हजार सत्ताईस–अट्ठाईस के दाखिले का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। अभिभावक एक से इकतीस दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद आवेदनों की जांच होगी और राज्य स्तर पर जिलावार लॉटरी के जरिए बच्चों का चयन किया जाएगा।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि छत्तीसगढ़ में भी अन्य शिक्षा बोर्ड और मंडलों की तरह शिक्षा सत्र एक अप्रैल से इकतीस मार्च तक चलेगा।

नशामुक्त संकल्प अभियान

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, रायपुर द्वारा धमतरी के स्वर्गीय छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ''नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत'' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नशामुक्ति, पोषण और स्वच्छता का संदेश देने के लिए रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें युवाओं ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्तियों से स्वस्थ जीवनशैली का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों को जीवनभर नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

स्वास्थ्य मंत्री–समीक्षा

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और आवष्यक दिषा–निर्देष दिए। उन्होंने सुरक्षित मातृत्व आष्वासन योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, हाई–रिस्क गर्भावस्था की निगरानी और संस्थागत प्रसव के लिए आंगनबाड़ी और मितानिन कार्यकर्ताओं तथा स्वास्थ्य टीम के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने टीबी उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने, एच–वन–एन–वन यानी स्वाइन फ्लू की सतत् निगरानी और जांच–उपचार की पर्याप्त व्यवस्था सुनिष्चित करने के निर्देष दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया समय पर पूरी करने तथा दूरस्थ क्षेत्रों में विषेषज्ञ चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए टेलीमेडिसिन सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देष भी दिए गए।

दुर्घटना

राजनांदगांव जिले के छुरिया थाना क्षेत्र में स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। यह हादसा ग्राम भोलापुर और शिकारी महका मोड़ के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल महिला ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, स्कॉर्पियो में सवार एक बुजुर्ग की भी उपचार के दौरान मौत हो गई।

रंग–तरंग

रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में कल से लोकवाद्य और लोकधुनों पर आधारित 'रंग–तरंग' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन कल वाद्य और संगीत के साथ ही फ्यूजन, पियानो, तबला और बांसुरी वादन की अलग–अलग प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संगीत परंपरा, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और आधुनिक संगीत के सुरों को मंच प्रदान करना है।

संस्कृति और पुरातत्व विभाग के संचालक डॉक्टर संजय कन्नौजे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध लोक संस्कृति और संगीत परंपरा से है।

उन्होंने कहा कि 'रंग–तरंग' के माध्यम से पारंपरिक लोकवाद्यों और लोकधुनों को आधुनिक संगीत के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है।

हलषष्ठी

संतान की लंबी आयु की कामना से जुड़ा हलषष्ठी का पर्व आज प्रदेशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इसे कमरछठ भी कहा जाता है। इस मौके पर माताओं ने व्रत रखकर पूजा–अर्चना की। पूजा सामग्री के रूप में महुआ, लाई और पसहर चावल चढ़ाया गया।

मौसम

मौसम विभाग ने कल से पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना जताई है। हालांकि, कल और आज प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने के समाचार मिले हैं।
मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि झारखंड में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण प्रदेश के उत्तरी भाग में वर्षा हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

- भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने विभिन्न प्रकोष्ठों के लिए संयोजक–सह संयोजक और प्रभारियों की नियुक्ति की है। चुन्नीलाल साहू को प्रकोष्ठ संकुल संयोजक और लाभचंद बाफना को प्रकोष्ठ संकुल सहसंयोजक बनाया गया है।
- राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग में छप्पन कार्यपालन अभियंताओं का स्थानांतरण किया है।
- और
- एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने सुकमा जिले के कोंटा में पदस्थ खंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों से एरियर्स की राशि के नाम पर दस हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>